प्रति,

कुल सचिव,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर(छ.ग.)

विषयः— **अहिन्दी भाषी हिन्दी के प्रति समर्पित प्रसिद्ध साहित्यकार शिवशंकर पटनायक को विश्वविद्यालय द्वारा डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किये जाने बाबत्।**

संदर्भः— कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचनालय इन्द्रावती भवन नया रायपुर का पत्र क्रमांक 458/258/आउशि/वि.वि.अनु./2017 रायपुर दिनांक 23/01/2017।

माननीय,

कृपया विषय से संबंधित संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, इसकी पृष्टांकन प्रति मुझे भी प्रेषित की गई है। खेद है कि इस पर की गई कार्यवाही से आज पर्यन्त अवगत नहीं कराया गया है। मै पुनः सादर निवेदन कर रहा हूं कि साहित्यकार शिवशंकर पटनायक हिन्दी साहित्य के अनन्यतम साधक तथा छ.ग. के लिये इस आशय से एक गौरव है। 75 वर्ष की आयु में भी वे अहिन्दी भाषी होकर भी हिन्दी के प्रति पूर्ण समर्पित होकर निरंतर लेखन में गतिशील है।

कालजयी साहित्यकार शिवशंकर पटनायक का रचना संसारः—

1. **उपन्यासः—** (1) भीष्म— प्रश्नों की शरयैय्या पर (2) कालजयी कर्ण (3) एकलव्य (4) अग्नि—स्नान (5) आत्माहुति (6) समर्पण (7) नागफनी पर खिला गुलाब (8) देवी करिया धुरवा (9) कोसल—नंदनी (10) आदर्श नारियां भाग 1 (कुंती द्रौपती) (11) आदर्श नारियां भाग 2 (अहिल्या, ~~द्रौपदी~~, मंदोदरी) (12) पतली सी परत (प्रकाशन में)
2. **कहानी संग्रहः—** (1) पराजित पुरूष (2) प्रारब्ध (3) पलायन (4) डोकरी दाई (5) बचा रे दी.प.क. (6) अंत एक संत का (7) मंदिर सलामत है (प्रकाशन में)
3. **निबंधः—** आप मरना क्यों नहीं चाहते (25 निबंध)
4. **चिंतनः—** (1) मानसिक दशा एवं दर्शन (2) भाव — चिंतन (3) मनोविकार (4) आत्म वार्तालाप (प्रकाशन में)

विशेष

1. " शिवशंकर पटनायक के कथा साहित्य का अनुशीलन" विषय पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से बेमेतरा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री राजेश्वर प्रसाद तिवारी को पी.एच.डी. प्राप्त।
2. " शिवशंकर पटनायक के उपन्यासों में जीवन मूल्य" एक अध्ययन विषय पर श्रीमती दीप्ति गोस्वामी नयापारा राजिम द्वारा पी.एच.डी. हेतु शोध प्रबंध पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में प्रस्तुत।

क्रमशः 2

3. "शिवशंकर पटनायक की कहानियां में नारी विमर्श" विषय पर श्रीमती भवानी प्रधान रायपुर द्वारा पी.एच.डी. हेतु शोध प्रबंध पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में रायपुर में शीघ्र प्रस्तुत हो जायेगा।

आशा है साहित्यकार शिवशंकर पटनायक के इस अमूल्य साहित्यिक योगदान का सार्थक मूल्यांकन उन्हे डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान कर हमें गौरवांवित होने का अवसर प्रदान करेगें। कृपया की गई कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करेगें।

भवदीय

दिनांकः—12/10/2017

पता- साहित्यकार शिवशंकर पटनायक
सरोज-सदन
पिथौरा
जि. महासमुंद
मो० नं०. 9685705378

रमाशंकर पांडे
मानस टीकाकार तथा समीक्षक
पिथौरा, जिला—महासमुन्द(छ०ग०)

प्रतिलिपिः—

महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति राजभवन छ.ग. राज्य रायपुर को सादर सूचनार्थ।

भवदीय

रमाशंकर पांडे
मानस टीकाकार तथा समीक्षक
पिथौरा, जिला—महासमुन्द(छ०ग०)